# पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर तीनों के शव परिजनों को सौंपे

## पत्नी और विधवा चाची की हथौड़ा मारकर हत्या मामला

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने पत्नी और विधवा चाची की हथौड़ा मारकर हत्या करने के बाद युवक द्वारा स्वयं आत्महत्या करने के मामले में मंगलवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं इस हमले में घायल बच्चे को भी उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं एक ही घर से एक साथ तीन लोगों की अर्थी उठी तो हर किसी के आंखों में आंसू बह निकले।

कांवटिया हॉस्पिटल अतिरिक्त अधीक्षक धीरज वर्मा ने बताया कि सुनीता कुमावत (33) और मधु कुमावत (55) के सिर-चेहरे व गाल पर हथौड़े की करीब 8 से 10 चोट पड़ी थी। इसके अलावा सर की हड्डी कई जगह से चकनाचूर हो गई। जो ब्रेन के अंदर तक घुस गई थीं। इस वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि पंकज के पिता ने करीब दो साल पहले पुश्तैनी मकान एक करोड़ रुपए में बेचा था। जिसमें तीनों भाइयों को 25-25 लाख रुपए दे दिए थे।

तीनों ने अपने अलग-अलग मकान बना लिए थे। आर्थिक तंगी जैसी बात से परिवार दबी जबान में इनकार कर रहा है। वहीं पुलिस ने घटना के बाद मौके से तीनों के मोबाइल,इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और बच्चों के बयानों को रिकॉर्ड में रख लिया है। अब तीनों के मोबाइल फोन को खोल कर उनकी जांच की जाएगी।

बेटे यांश कुमावत (9) को उसके चाचा और भतीजे हिमांक (9) को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया था। मृतक सुनीता के भाई की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की है।

वहीं पंकज के विसरा को जांच के लिए एफएसएल भेजा गया है। इससे पता चलेगा कि वारदात के दौरान आरोपी ने किसी प्रकार का कोई नशा किया हुआ था या नहीं। दोनों महिलाओं के भी विसरा जांच के लिए एफएसएल को भेजे जाएंगे।

गौरतलब है कि करधनी थाना इलाके में पंकज कुमावत (36) बेनाड़ स्टेशन के पास पत्नी सुनीता कुमावत, विधवा चाची मधु कुमावत (55) और बेटे यांश (9) के साथ रहता था। आर्थिक तंगी और गृह क्लेश के चलते पंकज ने अपनी पत्नी और चाची की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने भी फंदा लगाकर जान दे दी थी।

## परिवहन विभाग में फर्जी बैकलॉग मामले में केस दर्ज

**जयपुर।** परिवहन विभाग में फर्जी बैकलॉग प्रकरण को लेकर आरटीओ प्रथम के आदेश पर गांधीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीटीओ रमेश पांडे ने यह मामला दर्ज करवाया, जिसमें वाहनों का जालसाजी से बैकलॉग कर पंजीकरण कराने की बात सामने आई है।

आरटीओ राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इन वाहनों के रजिस्ट्रेशन सलूंबर में हुए, जबकि प्रदूषण नियंत्रण सर्टिफिकेट नागौर से जारी किए गए और नोटरी दस्तावेज जोधपुर में तैयार कराए गए। जांच में यह पूरा मामला संगठित अपराध की तरह सामने आया, जिसमें वाहन मालिकों, दलालों और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। आरटीओ के निर्देश पर इन सभी के खिलाफ धोखाधड़ी, राजकोष को नुकसान पहुंचाने और अन्य संगठित अपराध से जुड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गांधीनगर थाना पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच करेगी। शुरुआती जांच में छोटे दलालों की संलिप्तता सामने आई है, लेकिन किसी बड़े नाम के शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है।

# युवा कांग्रेस का मेगा जॉब फेयर आज

- बेरोजगार युवाओं को बड़ी कंपनियों के जरिए जॉइनिंग लेटर दिया जाएगा

**जयपुर।** प्रदेश युवा कांग्रेस बुधवार 2 अप्रैल को जयपुर में मेगा जॉब फेयर आयोजित करेगी,जहां बेरोजगार युवाओं को बड़ी कंपनियों के जरिए जॉइनिंग लेटर दिया जाएगा।

झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में यह मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सौर से ज्यादा बड़ी कंपनियां शामिल होंगी। जॉब फेयर में 10वीं 12वीं से लेकर हायर एजुकेशन तक के बेरोजगार युवाओं का मौके पर ही रजिस्ट्रेशन होगा और उसके बाद साक्षात्कार के आधार पर उन्हें हाथों-हाथ जॉइनिंग लेटर भी दिए जाएंगे। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया ने बताया कि पहले चरण में करीब से 2 हजार युवाओं को हाथों-हाथ रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके बाद संभाग और विधानसभा स्तर पर भी मेले आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बेरोजगार युवा भी इसके लिए दिलचस्पी दिखा रहे हैं और प्रदेश बरसे युवा जयपुर पहुंच रहे हैं, जहां पर बुधवार को सुबह 8 बजे अपना रजिस्ट्रेशन कराने के बाद साक्षात्कार में शामिल होंगे। पुनिया ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई तब से बेरोजगारी बढ़ी है। केंद्र और राज्य की सरकारों ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन उल्टे लोगों से रोजगार छीने जा रहे हैं। लगातार इसे लेकर युवा कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन भी कर रही है। राजस्थान में इस साल के अंत तक निकाय और पंचायतों के नाम होने हैं। राजस्थान में सबसे ज्यादा युवा वर्ग है। ऐसे में पार्टी रोजगार मेले से युवाओं को साधने का प्रयास कर रही है। बेरोजगारों को बिना परीक्षा-इंटरव्यू दिए डायरेक्ट अपॉइंटमेंट देने का फैसला प्रदेश युवक कांग्रेस ने किया है। प्रदेश भर के युवा बुधवार को बड़ी संख्या में भव्य रोजगार सम्मेलन में पहुंचेंगे। यहां करीब 140 मल्टीनेशनल कंपनियों में उन्हें बिना किसी एग्जाम के सीधे ही रोजगार से जोड़ा जाएगा।

# मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शौक-मौज के लिए राहगीरों से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्कूटी व लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित कॉलेज-स्कूल के पास स्कूटी पर आकर राहगीरों से मोबाइल छीनकर फरार हो जाता था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले आरोपी पुनीत कुमार सोनी (36) निवासी अम्बाबाड़ी विद्याधर नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास लूटा गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त किया गया है। पूछताछ में आरोपी बियानी कॉलेज के पास से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करना और शौक-मौज के लिए मोबाइल स्नेचिंग करना कबूला है। पुलिस के अनुसार पिछले दिनों कॉलेज व स्कूलों के पास मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों होने पर पुलिस टीम बनाई गई। टीम ने कॉलेज-स्कूलों के पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाले और फुटेजों के आधार पर पीछा कर बदमाश को पकड़ा।

## शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से दो चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चोरी के मामले में पहले भी कई बार जेल भी जा चुका है। इसके अलावा आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए वाहन चोरी करता है।

## कॉलेज छात्र का अपहरण कर मारपीट

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में गर्लफ्रेंड से मिलने गए कॉलेज छात्र का अपहरण कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। बेहोशी की हालत में मिले घायल छात्र को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मीनावाला सिरसी रोड के रहने वाले 24 वर्षीय युवक पर जानलेवा हमला किया गया है। वह जगतपुरा स्थित एक यूनिवसिर्टी का छात्र है। 29 मार्च को शाम करीब 4 बजे उसकी गर्लफ्रेंड ने कॉल कर मिलने के लिए पीजी हॉस्टल बुलाया था। हॉस्टल के पास मिलने पहुंचने पर कार सवार 4-5 लड़के और बाइक-स्कूटी सवार लड़कों ने अचानक हमला बोल दिया। लाठी-डंडों से लैस हमलावरों ने जमकर उसके साथ मारपीट की। लोगों को इकट्ठा होते देखकर उसे कार में डालकर किडनैप कर ले गए। सुनसान जगह ले जाकर हमलावरों ने जमकर लाठी-डंडों से उसको पीटा। बेहोशी की हालत में छोड़कर हमलावर फरार हो गए। कैब ड्राइवर को बेहोशी की हालत में मिलने पर परिजनों को कॉल कर सूचना दी। परिजनों के कहने पर कैब ड्राइवर घायल हालत में उसे घर लेकर पहुंचा। घायलावस्था में सिरसी रोड स्थित बालाजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन पॉलिटेक्निक छात्र गिरफ्तार

शिप्रापथ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन पॉलिटेक्निक छात्रों को गिरफ्तार किया है

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन पॉलिटेक्निक छात्रों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी की सात दुपहिया वाहन भी जब्त किये हैं। पुलिस पूछताछ में किराये पर ली गई कार का एक्सीडेंट का कर्जा चुकाने के लिए बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले उज्जवल खटोडा (19) निवासी बहरोड़ कोटपूतली हाल मानसरोवर, तुषार नायक (19) निवासी रामगढ़ जिला अलवर हाल गांधी नगर और रेहान सिंह (19) निवासी डीग जिला भरतपुर हाल मालवीय नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की सात दुपहिया वाहन (बाइक) बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित वेन्यू कार किराए पर ली थी। कार का एक्सीडेंट होने पर करीब 1.50 लाख रुपए खर्चा आया था। कर्जा चुकाने व मौज-मस्ती के लिए तीनों साथियों ने बाइक चोरी करने की योजना की और फिर रात्रि में तीनों थड़ी मार्केट, रिद्धी-सिद्धी, त्रिवेणी नगर और मानसरोवर इलाके व हॉस्टल के बाहर खड़ी नई दुपहिया वाहन (बाइक) को मास्टर चाबी से लॉक तोड़कर चोरी कर ले जाते। पुलिस ने बचने के लिए चुराई बाइक को सुनसान जगह ले जाकर खड़ी कर देते। दो-तीन दिन बाद बाइक को जयपुर शहर से बाहर ले जाकर बेच देते थे। गिरफ्तार तीनों आरोपी जयपुर में रहकर पोलीटेक्निकल डिप्लोमा कर रहे हैं। पूछताछ में आरोपियों से कई अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# जल भवन में यज्ञ सम्पन्न

**जयपुर।** जल भवन स्थित सत्यम शिवम सुंदरम् देवालय में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जलदाय विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के सानिध्य में देवों के देव महादेव एवं संकटमोचन हनुमान जी को समर्पित यज्ञों की शृंखला जारी है।

इस शृंखला का 71वां पवित्र यज्ञ इस मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कर्मचारी संघ अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा ने बताया कि इन यज्ञों का उद्देश्य प्रदेश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना, खुशहाली लाना और समाज में सकारात्मकता फैलाना है।

जल भवन स्थित सत्यम शिवम सुंदरम् देवालय में 71वां पवित्र यज्ञ इस मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

उन्होंने कहा, धर्म और आध्यात्मिकता के माध्यम से न केवल समाज में सकारात्मकता का प्रसार होता है, बल्कि यह हमारे संस्थानों और कार्यक्षेत्र में सामूहिक विकास का आधार भी बनता है। यह विशेष यज्ञ देवालय में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उनके भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ, जो देवालय के आध्यात्मिक प्रयासों को और भी सशक्त बनाता है।

# विद्युत निगमों में अभियन्ता संवर्ग की भर्ती परीक्षा के लिए कॉल लेटर जारी

**जयपुर।** राजस्थान राज्य के पांचों विद्युत निगमों में सीधी भर्ती के प्रथम चरण में अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों के लिए 11 और 12 अप्रेल को राजस्थान के विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं एवं अभ्यर्थियों के कॉल लेटर वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इस संबंध में अभ्यर्थियों को मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल द्वारा भी सूचित कर दिया है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि पाँचों विद्युत निगमों में कनिष्ठ अभियन्ता के 266 और कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पदों पर सीधी भर्ती के लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने 30 जनवरी 2025 से 20 फरवरी, 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये थे। ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन), कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) एवं कनिष्ठ रसायनज्ञ के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 11 अप्रेल को प्रथम पारी में किया जायेगा और कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 11 अप्रेल को ही द्वितीय पारी में किया जायेगा। 11 अप्रेल को राजस्थान के 5 जिलों में ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 12 अप्रेल को राजस्थान के 7 जिलों के 28 परीक्षा केन्द्रो पर द्वितीय पारी में किया जायेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से डेढ़ घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना आवष्यक है। उक्त भर्ती परीक्षाओं के दौरान अनुचित संसाधनों, नकल आदि की रोकथाम हेतु विद्युत निगमों ने कड़े कदम उठाते हुए अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर के अतिरिक्त प्रत्येक अभ्यर्थी की परीक्षा के समय फोटो एवं आइरिस स्केन भी दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु विद्युत निगमों के अधिषाषी/सहायक अभियन्ता एवं समकक्ष स्तर के अधिकारियों को निगम के प्रतिनिधि के तौर पर एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को भी विशेष रूप से सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैनात किया गया है।

## पूर्ण दिव्यांग कर्मचारी के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्थाई पूर्ण दिव्यांग सरकारी कर्मचारी के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ नहीं देने से जुड़े मामले में प्रमुख महिला एवं बाल विकास सचिव और निदेशक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले को याचिका के निर्णयाधीन रखा है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश उमाशंकर चौरसिया की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग, बूंदी में एएओ पद पर कार्यरत है। साल 2017 में 52 साल की उम्र में ड्यूटी के दौरान वह दुर्घटनाग्रस्त होकर 80 फीसदी दिव्यांग हो गया। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने स्थाई पूर्ण दिव्यांग सरकारी कर्मचारी के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नियम, 2023 लागू किए हैं। इन नियमों के तहत 55 साल से कम उम्र के कर्मचारी के पूर्ण दिव्यांग होने पर उसे निर्योग्यता सेवानिवृत्ति देकर उसके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान किया गया है।

# लोकदेवताओं के चबूतरे और मंदिरों की सुरक्षा की मांग

**जयपुर।** जयपुर पुलिस आयुक्त बिजू जॉस जोसफ को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें लोकदेवताओं के चबूतरे और मंदिरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है।

- लोकदेवताओं के चबूतरे और मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की

इस ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में, प्रतापनगर में स्थित तेजाजी मंदिर में वीर तेजाजी की मूर्तियों के साथ छेड़छाड़/तोड़फोड़ की घटना हुई है, जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना को ध्यान में रखते हुए, ज्ञापन में मांग की हैं कि सभी लोकदेवताओं के चबूतरे और मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सके। रात में इन स्थानों पर नियमित गश्त की व्यवस्था की जाए ताकि अपराधियों को रोका जा सके। सभी लोकदेवताओं के चबूतरे और मंदिरों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए ताकि रात में भी इन स्थानों पर सुरक्षा बनी रहे।

प्रतापनगर के लोगों ने जयपुर पुलिस आयुक्त बिजू जॉस जोसफ को ज्ञापन सौंपा।

इन मांगों को पूरा करने से जयपुर के अंदर स्थित लोकदेवताओं के चबूतरे और मंदिरों की सुरक्षा में सुधार होगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा।

## 'आयुष दवाओं के उत्पादन में सरकार की विफलता चिंताजनक'

**नई दिल्ली।** सांसद नीरज डाँगी ने आज आयुष दवाओं के उत्पादन की विफलता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए तारांकित प्रश्न के माध्यम से आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश में आयुष दवाओं की सुरक्षा और प्रभावकारिता पर नजर रखने हेतु सरकार की कोई ठोस नीति नहीं है।

आयुष चिकित्सा पद्धतियों के तहत दवाओं के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाओं की घोषणा की गई है, लेकिन दुर्भाग्यवश, उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाई है। देशभर में आयुष दवाओं के उत्पादन की विफलता पर गहरी चिंता व्यक्त की हैं। डाँगी ने सरकार द्वारा विभिन्न आयुष संस्थानों, कंपनियों और उघोगों के बीच समन्वय की कमी, गुणवता नियंत्रण की समस्याएँ और अत्याधुनिक शोध एवं प्रौधोगिकी के अभाव ने इस संकट को बढावा दिया है। परिणामस्वरूप, देश में उपलब्ध आयुष दवाओं की आपूर्ति में कमी और बाजार में उनकी बढ़ती मांग को पूरा करने में विफल रही है।

## सार-समाचार

### श्रीमद्भागवतकथा में संगीतमय भजनों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया

**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित गोविंद धाम में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। परम पूज्य ईश्वरानंद ब्रह्मचारी उत्तम स्वामी के मुखारविंद से भक्तों ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक चेतना का साक्षात्कार किया। आज उत्तम स्वामी द्वारा रामावतार, नंदोत्सव और भक्त प्रह्लाद पर प्रवचन सुनाए जिसमें इनसे सम्बंधित नई एवं रोचक जानकारी श्रोताओं का सुनने को मिली और सभी श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे और कुछ महिलाएं तो कथा के साथ चल रहे संगीत की धुन पर नृत्य करने से स्वयं को नहीं रोक पाईं और पांडाल में ही नृत्य करने लगी। कथा के दौरान संगीतमय भजनों और संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा महोत्सव में श्रद्धालु भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के संदेशों को आत्मसात कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है। आज की कथा में देश और प्रदेश की जानी मानी हस्तियां जैसे स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी सुरेश, अजीत महापात्रे, गजेन्द्र सिंह एवं केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, अशोक परनामी आदि उपस्थित रहे। यह श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है और यह आयोजन 5 अप्रैल 2025 तक अनवरत जारी रहेगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा में श्रोताओं के साथ-साथ जो स्वयंसेवक इस कथा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्होंने पूरी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभल के रखा ताकि श्रोतागण और महिलाओं को किसी प्रकार की व्यवस्था न हो।

### दो शातिर नकबजनों को पकड़ा

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनआरआई डॉक्टर के घर हुई नकबजनी की वारदात करने वाले दो शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराया गया सामान भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 मार्च को एनआरआई डॉक्टर रामदयाल मागरोलिया के घर हुई नकबजनी की वारदात करने वाले मोहम्मद जाहिद और अरशद खान उर्फ जोकर को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित जवाहर नगर के रहने वाले है। पुलिस ने दोनो ही आरोपियों से चुराए गए विदेशी नोट सहित सिक्के बरामद किए है और साथ शेष माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। दोनों की आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है।

### गोकुल वाटिका में गणगौर पर्व उत्साह से मनाया

**जयपुर।** जयपुर में गणगौर पर्व पर महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ पूजन किया। जवाहर सर्किल स्थित गोकुल वाटिका में टांक महिला ग्रुप की अध्यक्ष मंजू टांक के नेतृत्व में विशेष पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान ममता टांक, रश्मि, आस्था, मुस्कान, प्रियंका, नूपुर, शालू, नीलू और अक्षी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। गणगौर का त्योहार होलिका दहन के दूसरे दिन से शुरू होता है। यह 16 दिन तक चलता है। चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक इसे मनाया जाता है। शीतलाष्टमी के बाद से घर-घर में गणगौर और बिंदौरा देने की परंपरा शुरू हो जाती है। महिलाएं इस अवसर पर परंपरागत गीत गाती हैं। नखराली महारी गणगौर और मार्च महीना निकलेगी गणगौर जैसे गीत गाए जाते हैं। पूरे जयपुर में हर मोहल्ले और कॉलोनी में गणगौर पूजन का नजारा देखने को मिला। महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती स्वरूप ईसर-गणगौर का पूजन करती हैं। माता गौरी के समक्ष सुहाग की सामग्री चढ़ाई जाती है। दूब और पानी से गणगौर माता को छींटे लगाकर पूजन किया जाता है।

### लुपिन फाउंडेशन की राज्यस्तरीय वर्कशॉप

**जयपुर।** ग्लोबल फार्मा कंपनी, लुपिन लिमिटेड की सीएसआर शाखा, लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन (लुपिन फाउंडेशन), ने राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर दो दिवसीय राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया। 25-26 मार्च को जयपुर में आयोजित हुई इस वर्कशॉप में सम्पूर्ण राजस्थान के जिला अस्पतालों के सीनियर मेडिकल ऑफिसर्स ने हिस्सा लिया। लुपिन फाउंडेशन के लाइव्स प्रोग्राम के तहत आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना और बढ़ती गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) की चुनौती से निपटना है। इसमें 60 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टरों को हाइपरटेंशन, कोरोनरी आर्टरी डिजिज, सीओपीडी और अस्थमा जैसी बीमारियों की सही पहचान और उपचार के नए दिशा-निर्देशों पर ट्रेनिंग दी गई। सत्र का नेतृत्व वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ.नरेश मुनोत (कार्डियोलॉजिस्ट) और डॉ. अपर्णा बिराजदार (पल्मोनोलॉजिस्ट) ने किया। वर्कशॉप का उद्घाटन डॉ. सुनील सिंह (संयुक्त निदेशक, गैर-संक्रामक रोग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार) और तुषारा शंकर (हेड- सीएसआर, लुपिन) द्वारा किया गया।